# सीएम के कारकेड में अब 8 वाहन ही शामिल होंगे

**▸ प्रधानमंत्री के आह्वान पर सीएम ने लिया निर्णय**



**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 12 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर आगामी आदेश तक अपने कारकेड में वाहनों की संख्या कम कर दी है. अब सीएम के कारकेड में 13 के बजाय 8 वाहन ही शामिल होंगे. इस तरह पांच वाहनों की कटौती कर दी गई है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को कैबिनेट की बैठक में मंत्री परिषद के सदस्यों से वर्तमान वैश्विक संकट को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने सहित राष्ट्र हित में सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने की अपील की थी. मप्र गंभीरता से इस पर अमल करेगा. इस तारतम्य में राज्य सरकार ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं. नए निर्देशों के मुताबिक आगामी आदेश तक मुख्यमंत्री के कारकेड में 13 वाहनों के स्थान पर 8 वाहन ही चलेंगे. उनके भ्रमण के समय वाहन रैली आयोजित नहीं की जाएगी. सभी मंत्रीगण यात्रा में न्यूनतम वाहनों का प्रयोग करेंगे. यह भी निर्देश जारी किए गए हैं कि नव नियुक्त निगम-मंडल के पदाधिकारी सादगी से कार्यभार ग्रहण करें और वाहन रैली आयोजित न करें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के आहवान और दिए गए सुझावों के अनुरूप मप्र में शासकीय कार्यों में मितव्ययता के उपायों पर अमल करने को कहा है. मंत्रीगण सहित निगम-मंडल के पदाधिकारियों और आम नागरिकों से वाहनों के कम से कम प्रयोग करने, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने और अनावश्यक रूप से वाहनों का उपयोग न किए जाने को कहा गया है.

**अब इस तरह होगा सीएम का कारकेड**

पायलेट, मीडिया कार, एस्कोर्ट-1, वीआईपी, एस्कार्ट-2, स्पेयर, एंबुलेंस और टेल कार.

### मुख्यमंत्री आज मुंगवानी में लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित करेंगे

**प्रशासनिक संवाददाता भोपाल, 12 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 13 मई को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी करेंगे. प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे.

### मप्र और फ्रांस के बीच रणनीतिक सहयोग मजबूत होंगे

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 12 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को समत्व भवन में भोपाल में संपन्न एक दिवसीय इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव के प्रतिनिधियों ने भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से फ्रांस के राजदूत थियरी माथू ने भी भेंट की. फ्रांसीसी राजदूत ने कहा कि मप्र को विभिन्न क्षेत्रों में फ्रांस की ओर से अधिकतम सहयोग प्राप्त होगा. मप्र में आगामी वर्ष होने वाले ग्लोबल समिट की दृष्टि से फ्रांस और मप्र के मध्य दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को मजबूत बनाने के प्रयास होंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यमियों के साथ कदम से कदम मिलकर चलने को तैयार है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री निवास में मंगलवार की शाम राउंड टेबल मीटिंग में कॉन्क्लेव में हुए विचार-विमर्श और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के संबंध में की गई पहल की जानकारी दी गई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत में फ्रांसीसी राजदूत माथू का अंगवस्त्रम् और पुष्प-गुच्छ से स्वागत करते हुए और विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भेंट की.

### पांच माह के बालक को एयर एंबुलेंस से बेंगलुरु भेजा

**भोपाल, 12 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक का जीवन अनमोल है और उनकी जिंदगी को किसी भी कीमत पर बचाने के लिए राज्य सरकार पूर्णत: प्रतिबद्ध है. मंगलवार को उज्जैन के असनोरिया क्षेत्र में निवासरत परिवार के 5 माह के बालक यथार्थ सिंह को 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' से बेहतर इलाज के लिए बेंगलुरु के नारायणा अस्पताल भेजा गया है. बच्चा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है. यथार्थ क्श्र इलाज इंदौर के एक अस्पताल में चल रहा था. मुख्यमंत्री ने कहा कि अति मुश्किल परिस्थितियों में सरकार सभी जरूरतमंदों के साथ खड़ी है. गंभीर बीमारी से पीड़ित बालक यथार्थ का उपचार आयुष्मान निरामय योजना के तहत नि:शुल्क कराया जाएगा. मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि बालक यथार्थ पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर जल्द ही अपने घर लौट आए.



### जनसुनवाई में हुआ समस्याओं का निराकरण

**बैरसिया, 12 मई.** खंड स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को तहसील कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई. जहां एडीएम अंकुर मेश्राम के साथ एसडीएम आशुतोष शर्मा एव तहसीलदार दिलीप चौरसिया ने पिछले मंगलवार को आयोजित कलेक्टर की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की. उन्होंने 29 नये आवेदकों की समस्याओं को सुना और कई का मौके पर ही निराकरण किया. शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर निराकरण के निर्देश दिए. एडीएम मेश्राम ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जनसुनवाई में पटवारी एव समस्त विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी अनिवाय रूप से उपस्थित रहकर आवेदकों की समस्याओं का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करे. जनसुनवाई में अतिरिक्त तहसीलदार भूपेंद्र कैलासिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

## ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने जाना विज्ञान का महत्व



**भोपाल, 12 मई. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा रायसेन जिले की गोहरगंज तहसील के अमोदा ग्राम में विशेष विज्ञान प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों और आमजन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना रहा. कार्यक्रम में 'ऊर्जा' विषय पर आधारित मोबाइल विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई. साथ ही रोचक विज्ञान प्रदर्शन और खगोलीय अवलोकन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने विज्ञान प्रदर्शनी का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया तथा वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल और रोचक तरीके से समझा.

खगोलीय अवलोकन कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने दूरबीन के माध्यम से आकाशीय पिंडों को देखा. इस दौरान बच्चों और युवाओं में खगोल विज्ञान के प्रति विशेष रुचि देखने को मिली. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और विद्यार्थियों की सहभागिता रही. यह आयोजन ग्लोबल ग्रोथ फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ. आंचलिक विज्ञान केन्द्र भोपाल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों तक विज्ञान पहुंचाने और युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. कार्यक्रम की जानकारी प्रधान क्यूरेटर एवं केन्द्र प्रमुख साकेत सिंह कौरव द्वारा दी गई.

# कार्रवाई : झारखंड के दो साइबर ठग गिरफ्तार

**03 लाख रुपये ई-सिम के जरिए खाते से उड़ाए**



**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 12 मई. मध्यप्रदेश पुलिस ने बढ़ते साइबर अपराधों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड के दो अंतरराज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने ऑनलाइन ठगी के जरिए एक बैंक खाते से तीन लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली थी.**

नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने चार दिन तक गुप्त निगरानी अभियान चलाकर झारखंड के देवघर जिले से दोनों आरोपियों को पकड़ा. यह कार्रवाई डूमर गांव निवासी छोटेलाल कुशवाह की शिकायत के बाद की गई. पीड़ित ने 17 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके बैंक खाते से ऑनलाइन माध्यम से 3 लाख 9 हजार 917 रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए हैं.

नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देवघर जिले के मधुपुर निवासी उमेश दास (30) और उत्तम कुमार दास (23) के रूप में हुई है.

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए हैं, जिनका उपयोग साइबर ठगी में किया जाता था. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लोगों के मोबाइल फोन पर दुर्भावनापूर्ण एपीके फाइल भेजते थे. फाइल इंस्टॉल होते ही आरोपी पीड़ितों की संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते थे और उनके मोबाइल नंबर से जुड़ी ई-सिम सेवा सक्रिय कर बैंक के ओटीपी और अलर्ट प्राप्त कर खाते से रकम ट्रांसफर कर लेते थे.

### जोशी और कुशवाह ने किया पदभार ग्रहण

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 12 मई.** मप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज जोशी, मप्र कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाह एवं मप्र खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन ने मंगलवार को अपने-अपने कार्यालय पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर पदभार ग्रहण किया.

इससे पहले नव नियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की.

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर में कार्य शुरू

**▸ 37 लाख से होगी आठ तालाब, 18 बावड़ी, 53 कुओं की सफाई और मरम्मत**

**नवभारत संवाददाता**
**भोपाल, 12 मई.** नगर निगम में जल गंगा संवर्धन अभियान को गति देने के लिए टेंडर खोल दिए गए हैं. नगर निगम क्षेत्र में कुआं, बावड़ी और तालाबों की सफाई के लिए 45 लाख 92 हजार के टेंडर 21 जोनों के लिए अलग अलग राशि में जारी किए थे, जो 18 से 23 प्रतिशत कम पर पास किए गए हैं. इसमें चार कंपनी शामिल हुईं, जिनमें से तीन को कार्य दिया गया है. जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 19 मार्च से शुरू किया गया था, जो 30 जून तक जारी रहेगा. नगर निगम क्षेत्र में 8 तालाब, 18 बावड़ी और 53 कुओं की सफाई की जाना है. इस काम के लिए अब निगम के पास डेढ़ महीना है.

**इनका कहना है**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर के सभी जल स्त्रोतों की सफाई के लिए टेंडर खोल दिए गए हैं, कार्य भी शुरु हो गया है. समय पर कार्य हो जाएगा.

**उदित गर्ग, जलकार्य प्रभारी, नगर निगम**

### समय-सीमा में कार्य करें पूर्ण : प्रमुख सचिव

**भोपाल, 12 मई.** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने मंगलवार को विभागीय समीक्षा कर अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' की तैयारियों की जानकारी ली. प्रमुख सचिव ने इसके प्रभावी और सुचारू क्रियान्वयन के निर्देश दिए. प्रमुख सचिव डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि योजनांतर्गत 4000 युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सैन्य बलों में भर्ती के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है. अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाए.

